अतिरिक्त मांग को पूरा करना और अनुपयोगी मकानों को बदलना;

(ii) सरकारी निधियों को कम आय वाले परिवारों के लिए ही उपयोग करना ताकि इस क्षेत्र को नियतन किए गए संसाधनों से बड़ी संख्या में रिहायशी मकान बनाए जा सकें;

(iii) प्राइवेट सेक्टर के बड़ी संख्या में मकान बनाने के लिए प्रोत्साहन देना।

शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की माग तथा इस माग को पूरा करने के लिए अपेक्षित व्यय के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सरकार ने कोई समिति नहीं बनाई है। तथापि, राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन द्वारा लगाये गये एक अनुमान के अनुसार पांचवी पंचवर्षीय योजना के समय अर्थात 1-4-1974 को 156 लाख मकानों की कमी थी। जिनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 118 लाख मकानों, नगरीय क्षेत्रों में 38 लाख मकानों की कमी थी। 20 वर्ष की अवधि में पिछले बकाया को खत्म करने और जनसंख्या बढ़ जाने के कारण अतिरिक्त मांग को पूरा करने और तथा अनुपयोगी मकानों को बदलने के आवास कार्यक्रम में प्रतिवर्ष 475 लाख मकानों का निर्माण किया जाएगा जिसमे 350 लाख मकान ग्रामीण क्षेत्रों 125 लाख मकान शहरी क्षेत्रों में बनाये जायेंगे।

गन्दी बस्तियों का बढ़ना रोका जाना

9560. **श्री अनन्तराम जायसवाल :** क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शहरों तथा महानगर क्षेत्रों में तीव्र गति से बढ़ती जा रही गन्दी बस्तियों को रोकने के लिए सरकार ने राज्य सरकारों को कोई मार्गदर्शी सिद्धांत भेजे हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनकी मुख्य बातें क्या हैं ;

(ग) वित्तीय वर्ष 1977-78 में गन्दी बस्तियों का बढ़ना किस सीमा तक सफलतापूर्वक रोका गया है ; और

(घ) बड़े शहरों तथा महानगर कस्बों में गन्दी बस्तियों में रहने वालों की संख्या में गत तीन वर्षों में कितनी वृद्धि हुई है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नही उठता।

(ग) जबकि गन्दी बस्तियों की वृद्धि को रोकना सामाजार्थिक विकास के एक भाग के रूप में एक लम्बी अवधि का उद्देश्य है तथापि मौजूदा गन्दी बस्ती क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिति में सुधार लाने की ओर अधिक से अधिक ध्यान दिया जाता है।

(घ) इस बारे में कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

Posts of Head Clerks in Department of Town and Country Planning Organisation

9561. SHRI M. A. HANNAN ALHAJ: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to refer to Unstarred Question No. 2636 replied on 13th March, 1978 regarding Head Clerks officiating as Investigators in the Department of Town and Country Planning Organisation and state:

(a) whether the organisation has requested the appropriate authorities to sanction more posts of Head Clerks as required by them;